उत्तराखंड में भाँग की औद्योगिक खेती

चर्चा में क्यों?

31 अक्टूबर, 2021 को यू-टर्न फाउंडेशन द्वारा अपने 14वें स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य सरकार को हेम्प मिशन के लिये अपना समर्थन देने का प्रस्ताव दिया गया है।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि वर्ष 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा उत्तराखंड में भाँग की औद्योगिक खेती के लिये पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई थी, जिसके तहत भारतीय औद्योगिक भाँग संघ एवं उत्तराखंड सरकार के मध्य 1100 करोड़ रुपए के एमओयू पर हस्ताक्षर किये गए, जिसमें अगले पाँच वर्षों के दौरान भाँग की खेती, भंडारण परिवहन एवं प्रसंस्करण आदि क्षेत्रों में निवेश किया गया।
- भाँग की औद्योगिक खेती किये जाने से किसानों की आय में लगभग तीन गुना वृद्धि के साथ-साथ कई अन्य लाभ प्राप्त किये जा सकते हैं, जैसे-
  - भाँग से बनने वाले सीबीडी ऑयल का प्रयोग साबुन, शैंपू एवं दवाइयाँ बनाने में किया जाता है।
  - भाँग से कागज, रस्सियाँ सजावटी सामान एवं बायोडिग्रेडेबल हेम्प प्लास्टिक का निर्माण किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/industrial-cultivation-of-cannabis-in-uttarakhand